15.1.2020

छत्तीसगढ़ विधान सभा

जनवरी, 2020 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 16 जनवरी, 2020 (पौष 26,1941)

समय 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. राज्यपाल का अभिभाषण

2. राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री मोहम्मद अकबर, विधि और विधायी कार्य मंत्री, संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित संविधान (एक सौ छब्बीसवां संशोधन) विधेयक, 2019 के संबंध में लोक सभा एवं राज्यसभा की कार्यवाही, संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित रूप में विधेयक तथा उक्त संशोधन के अनुसमर्थन के लिये प्राप्त राज्यसभा सचिवालय का सूचना पत्र पटल पर रखेंगे।

4. सभापति तालिका की घोषणा

5. संकल्प

श्री मोहम्मद अकबर, विधि और विधायी कार्य मंत्री, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

"यह कि यह सदन, भारत के संविधान में उस संशोधन का अनुसमर्थन करता है, जो संविधान के अनुच्छेद 368 के खण्ड (2) के परंतुक के खण्ड (घ) की व्याप्ति के अंतर्गत आता है और संसद के दोनों सदनों द्वारा यथापारित संविधान (एक सौ छब्बीसवां संशोधन) विधेयक, 2019 द्वारा किये जाने के लिये प्रस्तावित है।"

6. माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण पर श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य, द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा :-

"माननीय राज्यपाल महोदया ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।"

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

रायपुर,
दिनांक 15 जनवरी, 2020